Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 05-12-2006

Participants : Chavda Shri Harisinh

an>

Title: Need to reconstruct the bridge near Palanpur railway station in Gujarat which was earlier demolished by the Railway Department.

श्री हरिसिंह चावड़ा (बनासकांठा) :महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकाठा के पालनपुर रेलवे स्टेशन के पास एक पुराना पुल था, जिसे डबल डेक्कर रेलवे वेगनों को ले जाने के लिए तोड़ दिया गया। डबल डेक्कर रेलवे वेगनों को चलाने से पूर्व एक नया पुल एक साल पहले बनाया गया था और एक पुल से जाने और दूसरे पुल से आने का रास्ता था। पुराने पुल को तोड़ने से अब नए पुल से दोनों तरफ का यातायात चलता है, जिससे वहां अक्सर जाम हो जाता है और लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। शहर का यातायात बुरी तरह से प्रभावित है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि पालनपुर रेलवे स्टेशन के पास जो पुराना पुल था, जिसे तोड़ दिया है, रेलवे विभाग उसे जल्दी से जल्द दोबार शीघ्र बनाए, जिससे शहर का यातायात सुविधा के साथ प्रचालन में हो सके।